सफेद पीठ वाले फुदके के नियंत्रण से धान में बौने पौधों की समस्या को रोका जा सकता है

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी ए यू), लुधियाना के विशेषज्ञों ने किसानों को धान में सफेद पीठ वाले प्लांट हॉपर (फुदके) की उपस्थिति के बारे में सतर्क रहने की सलाह दी है। सफेद पीठ वाला फुदका 'सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस (एस आर बी एस डी वी)' नामक नए चावल वायरल रोग को फैलाता है।

इस विषाणु रोग से धान में बौने पौधों की समस्या होती है। पी ए यू के विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी के लिए कोई उपाय नहीं है, इसलिए इसके रोग वाहक के प्रबंधन के लिए निवारक उपायों को अपनाना ही एकमात्र तरीका है। पी ए यू के विशेषज्ञों ने कहा कि यह न केवल वायरल बीमारी के प्रबंधन में मदद करेगा बल्कि पानी को भी बचाएगा।

बीमारी के कारण फ़सल के नुकसान को रोकने के लिए, पी ए यू के विशेषज्ञों ने किसानों को सफेद पीठ वाले फुदके के प्रभावी प्रबंधन की सलाह दी है। उन्होंने ने किसानों को सफेद पीठ वाले प्लांट फुदके की उपस्थिति का पता करने के लिए धान की पौध या फ़सल की नियमित निगरानी करने की सलाह दी है।

विशेषज्ञों ने कहा है साप्ताहिक अंतराल पर खेत में कुछ पौधों को तले से थोड़ा सा झुका कर 2-3 बार थपथपाना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे या वयस्क सफेद पीठ वाले फुदके, यदि मौजूद हों, तो उन्हें पानी पर तैरते हुए देखा जा सकता है।

खेतों में सफेद पीठ वाला फुदका दिखने पर, पी ए यू के विशेषज्ञों ने इन कीटनाशक का छिड़काव करने का सुझाव दिया है: 94 मिलीलीटर प्रति एकड़ पेक्सलॉन 10 एस सी (ट्राइफ्लूमेज़ोप्रिम) या 80 ग्राम प्रति एकड़ ओशीन/टोकन 20 एस जी (डाइनोटेफुरन) या 120 ग्राम प्रति एकड़ चेस 50 डब्ल्यूजी (पाइमेट्रोज़िन)। बेहतर नतीजों के लिए पौधों के तले की ओर छिड़काव करें।

विशेषज्ञों ने किसानों को पी ए यू द्वारा सुझाई गई रोपाई की तारीखों का पालन करने की सलाह दी है क्योंकि 2022 में अगेती रोपाई वाले धान में बौनेपन की समस्या अधिक देखी गई थी। किसानों को

20-25 मई से पहले धान की नर्सरी की बुवाई और 20-25 जून से पहले इसकी रोपाई से बचना चाहिए। पी ए यू के विशेषज्ञों ने कहा कि यह न केवल वायरल बीमारी के प्रबंधन में मदद करेगा बल्कि पानी को भी बचाएगा।